हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 29 अगस्त 2025

06 एसपी के वायरलेस पर जब मासूम बच्चे की ...

07 श्योपुर में शून्यपात बड़ौदा में दल गठित ...




**खबर संक्षेप**

### विकास तिवारी बने आऊटसोर्स कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष

**रहली।** विकासखंड में शिक्षा विभाग में आउटसोर्स पर कार्यरत विकास तिवारी को सागर जिले में आल विभाग आउट सोर्स कर्मचारी संघ का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर कर्मचारियों ने बधाई दी हे। बधाई देने वालों में विक्रम ठाकुर, रोहित ठाकुर, सोमेश तिवारी शाश्वत तिवारी, बृजेश दीक्षित, लखन पटेल, रूपेश पटेरिया, सचिन पटेरिया, अजय साहू प्रीतम बंसल, उपेंद्र चौरसिया शामिल हे।

### विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र तोमर आज सागर आएंगे

**सागर।** मध्य-प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर आज 29 अगस्त शुक्रवार को सागर प्रवास पर रहेंगे। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर दोपहर 1:30 बजे सागर पहुंचेंगे। सागर आगमन पर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन व जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी के साथ पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मोतीनगर चौराहे भव्य स्वागत करेंगे। जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने सभी पार्टी पदाधिकारी जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओं से स्वागत कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की हैं।

### जिले में अब तक 984.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सागर।** सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 984.4 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक देवरी केन्द्र पर सर्वाधिक 1297.7 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर केन्द्र में 816.1 मि.मी., जैसीनगर में 997.3 मि.मी., राहतगढ़ में 1182.4 मि.मी., बीना में 918.2 मि.मी., खुरई में 1132.7 मि.मी, मालथौन में 908.3 मि.मी., बण्डा में 819.0 मि.मी, शाहगढ में 825.8 मि.मी, गढ़ाकोटा में 863.6 मि.मी, रहली में 847.3 मि.मी, देवरी में 1297.7 मि.मी. तथा केसली में 1204.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### महापौर ने श्रीमती चौबे के निधन पर श्रद्धांजलि दी

**सागर।** महापौर संगीता सुशील तिवारी ने रविशंकर वार्ड निवासी स्व.पं. बलराम चौबे की धर्मपत्नी एवं पं. राम किशोर चौबे, पं. शिवकुमार, डॉ. नरेश, पं. राममनोहर, डॉ. श्याम मनोहर चौबे की माताजी राजदुलारी चौबे के निधन पर उनके निवास रविशंकर वार्ड पहुंचकर श्रद्धांजली दी व श्रद्धा सुमन अर्पित कर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया ।

### मौसमी बीमारियों से बचने के कलेक्टर की अपील

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने जिले वासियों से अपील करते हुए वर्षा ऋतु में मुख्य रूप से दूषित जल के उपयोग से होने वाली बीमारियों से बचने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों एवं उल्टी दस्त से बचाव के लिए सावधानी एवं सर्तकता ही श्रेष्ठ साधन है। वर्षाकाल के मौसम में पानी छानकर एवं उबालकर पीना चाहिए तथा पेयजल स्त्रोतों का जल शुद्धिकरण ब्लीचिंग पाउडर एवं क्लोरीन टैबलेट से करें। ताजा भोजन ग्रहण करें, बासी एवं कटे-फटे फलों का सेवन ना करें। उन्होंने कहा कि घर के आसपास साफ-सफाई रखें, दस्त लग जाने पर ओआरएस एवं जिंक सल्फेट गोली का उपयोग चिकित्सक की सलाह अनुसार करें। खाने-पीने की वस्तुओं को ढंककर रखें, मक्खियों से बचाव करें। हरी सब्जी एवं फलों को साफ पानी से धोकर ही उपयोग करें। मानसून के दौरान बहुत से लोगों को आंखों के रोग हो जाते हैं। इस रोग को आई-फ्लू, कंजक्टिवाइटिस या आखें आना के रूप में जाना जाता है। इस रोग से बचाव के लिए बार बार अपने हाथ एवं चेहरे को ठंडे पानी से धोएं।

**नैनो साइंस विषय के इतिहास, सामान्य परिचय, सिद्धांत आदि पर व्याख्यान दिया**

## विश्वविद्यालय में नैनोमटेरियल कैरेक्टराइजेशन पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के मार्गदर्शन में 26-28 अगस्त तक उन्नत अनुसंधान केंद्र (सीएआर) में नैनोमटेरियल कैरेक्टराइजेशन पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 40 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। डॉ. विवेक कुमार पांडे ने सीएआर के संक्षिप्त परिचय के साथ सत्र की शुरुआत की और ऐसे कार्यक्रमों के महत्व के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी और प्रशिक्षण के लिए शुभकामनाएं दीं।




व्याख्यान सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. के.बी. जोशी ने नैनो साइंस विषय के इतिहास, सामान्य परिचय, सिद्धांत आदि पर व्याख्यान दिया। डॉ. वैशाली यादव ने सेंट्रीफ्यूज उपकरण पर व्याख्यान दिया एवं एप्लाइड साइंसेज के विविध क्षेत्र में सैम्पल तैयार करने में सेंट्रीफ्यूगेशन तकनीक की महत्ता बताई। डॉ. अर्जुन अदित ने प्रतिभागियों को एप्लाइड साइंस के विविध क्षेत्र में स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप (एसईएम) तकनीक के सामान्य परिचय, सिद्धांत, सैम्पल तैयार करने और अनुप्रयोगों के बारे में बहुत ही बुनियादी से लेकर उन्नत स्तर तक जानकारी दी। एसईएम तकनीक के कई अनुप्रयोग हैं, जिनमें मटेरियल साइंस, इंजीनियरिंग, जैव विज्ञान और दवा उद्योग आदि शामिल हैं। डॉ. शिव कुमार सिंह ने पाउडर एक्स-रे डिफ्रेक्टोमीटर (पीएक्सआरडी) तकनीक के सामान्य परिचय, सिद्धांत, सैम्पल तैयार करने और अनुप्रयोगों जैसेकि क्रिस्टलीय गुण, क्रिस्टल साइज किस प्रकार निकाला जाता है और पीएक्सआरडी के सुरक्षा प्रोटोकॉल आदि के बारे में बुनियादी से लेकर उन्नत स्तर तक जानकारी दी। डॉ. तुकाराम कर्णवाद ने पार्टिकल साइज और जीटा पोटेंशियल एनालाइजर (पीएसए) उपकरण द्वारा सैम्पल तैयार करने के बारे में व्याख्यान के माध्यम से जानकारी प्रदान की।उन्नत अनुसंधान केंद्र की मुख्य समन्वयक एवं कार्यशाला संयोजक, प्रो. श्वेता यादव की पहल पर विभिन्न उपकरणों पर विश्वविद्यालय में समय-समय पर कार्यशालाओं का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। प्रो. रणवीर कुमार एवं प्रो. वंदना सोनी कार्यशाला के सह-संयोजक रहे।

हैंड्स ऑन सत्र की शुरुआत सेंट्रीफ्यूज, एसईएम, पीएक्सआरडी, पीएसए उपकरणों के हार्डवेयर भाग और इसके सहायक उपकरणों के संक्षिप्त परिचय के साथ शुरू हुई। सत्र में एप्लाइड साइंस के विभिन्न क्षेत्रों से सैम्पल तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों को सैम्पल तैयार करने, उनके विश्लेषण से लेकर डेटा व्याख्या तक पूरी जानकारी प्रदान की गई। प्रतिभागियों की रुचि के क्षेत्र से संबंधित प्रश्नों पर विचार किया गया एवं उनका उत्तर दिया गया। सैम्पल तैयार करने के लिए प्रतिभागियों को समूहों में विभाजित किया गया था। प्रत्येक समूह ने सैम्पल तैयार किये और अपने सैम्पल का विश्लेषण किया। समापन सत्र में प्रतिभागियों से कार्यशाला के बारे में प्रतिक्रियाएं ली गईं एवं प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गये।

तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला, उन्नत अनुसंधान केंद्र की तकनीकी टीम डॉ. विवेक कुमार पांडे, शिवप्रकाश सोलंकी, सौरभ साह, आशीष चढ़ार, अरविंद चडार और चन्द्र प्रकाश सैनी की तकनीकी मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।



## एक माह में 68 लाख सीताराम नाम लेखन हुआ

**सागर।** भक्तों में श्री सीताराम लेखन में बड़ती हुई रूचि का परिणाम मंगलवार को हनुमान दुर्गा, भैरवधाम तहसीली परिसर स्थित श्री सीताराम नाम बैंक जिला शाखा में जब देखने को मिला जब एक माह में भक्तो के द्वारा पूर्ण सीताराम लेखन की कापियो की गणना की गई जिसमे भक्तो ने एक माह में 320 पूर्ण लेखन पुस्तिकाओ को बैंक में जमा किया जो 68 लाख सीताराम नाम लेखन हुआ । उक्त जानकारी देते हुये श्री सीताराम नाम बैंक जिला शाखा के सहतव्यावस्थापक पं ब्रजेश द्विवेदी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 19वाँ सवा करोड़ श्री सीताराम नाम लेखन जप 26/07/25 को भक्तों के द्वारा प्रारम्भ किया गया था। मंगलवार को बैंक मैनेजर पं गोपालदास शर्मा, बैंक क्लर्क अंशुल सेन एवं सीताराम नाम लेखन प्रेमी अजय खरे, संजय तिवारी, माधव प्रसाद साहु , रामरतन तिवारी, नमन द्विवेदी की उपस्थिति में पूर्ण लेखन पुस्तिकाओ की गणना की गई । पं ब्रजेश द्विवेदी ने बताया कि एक कापी मे 21,504 बार सीताराम नाम का लेखन होता है।



## महापौर ने एम आई सी सदस्यों के साथ श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया

**सागर।** महापौर संगीता सुशील तिवारी ने एम आई सी सदस्यों एवं नगर निगम के अधिकारियों के साथ लेहदरा नाका स्थित श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन स्थल का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए । महापौर ने कहा कि श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर कोई भी परेशानी न हो, प्रतिमाओं का विसर्जन सुगमता से हो इसके लिए रैंप बनाए, नदी के किनारे सफाई कराएं। विसर्जन स्थल पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, बैठने के लिए कुर्सियां, चूना लाईन, नदी में प्रतिमाओं के विसर्जन के समय नदी में पानी, नाव सहित समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य धर्मेंद्र खटीक, संगीता शैलेष जैन, पार्षद प्रतिनिधि नरेश यादव, उपायुक्त एस एस बघेल, कार्यपालन यंत्री विजय दुबे, सहायक यंत्री संजय तिवारी, भाजपा नेता रिशांक तिवारी, फायर प्रभारी शईद उद्दीन कुरैशी, उपयंत्री संयम चतुर्वेदी, प्रकाश प्रभारी आसिमा तिर्की सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## न्यायालय परिसर में फर्जी नोटरी की जांच कर की जाएगी कार्रवाई, अधिकृत नोटरी से ही कार्य कराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर संदीप जी आर ने बड़ी कार्यवाही करते हुए कहा कि न्यायालय परिसर में मौजूद नोटरी का बोर्ड लगाकर कार्य करने वाली फर्जी नोटरी व्यक्तियों की जांच की जा रही है जांच के उपरांत उन पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। एवं सही अधिकृत नोटरी से ही अपना कार्य संपन्न कराए एवं निर्धारित शुल्क का भुगतान करें।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संदीप जी आर ने बताया कि लगातार शिकायत प्राप्त होने पर यह कार्यवाही सिटी मजिस्ट्रेट आरती यादव एवं तहसीलदार संदीप तिवारी, नोटरी पब्लिक अधिकारी संघ के सचिव शिवदयाल राजू बड़ोनिया के संयुक्त दल द्वारा आज फर्जी नोटरियों की जांच की गई जिसमें अनेक नोटरी लगे बोर्ड एवं टेबिल पर जब जांच दल पहुंचा तब वहां उपस्थित व्यक्ति संतोषजनक उत्तर देने में असमर्थ पाए गए सभी के नाम फोन नंबर लेख किए गए, सभी को नोटिस जारी कर अपने दस्तावेजों के साथ उपस्थित कराया जाएगा।

सिटी मजिस्ट्रेट आरती यादव ने बताया कि अधिकांश टेबलों पर नोटरी के बोर्ड लगे पाए गए किंतु कोई भी वैध नोटरी उपस्थित नहीं पाया गया, टेबिल पर उपस्थित व्यक्ति ने बताया कि मैं संबंधित अधिवक्ता का मुंशी हूं। जब उनसे लायसेंस एवं अन्य जानकारी ली गई तो न जानकारी दी गई और वहां से अन्यत्र चले गए। उन्होंने बताया कि सभी के नाम सूचीबद्ध किए जा रहे हैं और सूची को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि सागर न्यायालय में राज्य के 22 एवं केन्द्र के 35 पंजीकृत नोटरी कार्यरत हैं किंतु इससे कई ज्यादा टेबिलों पर नोटरी के बोर्ड लगे हुए पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी पंजीकृत नोटरी अपने अपने लायसेंस एवं टेबिल पर कार्य एवं टेबिल पर कार्य करने वाले व्यक्ति का नाम सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर संदीप जी आर ने अपील की है कि न्यायालय परिसर में न्यायालय की गरिमा को देखते हुए सभी पंजीकृत नोटरी ही नियमानुसार कार्य करें और पंजीकृत नोटरी के नाम से यदि कोई व्यक्ति कार्य करता है तो इसकी सूचना दें जिससे की कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

## राज्य सरकार तत्काल पिछड़ा वर्ग के खिलाफ लगाई गई अधिसूचना को वापस ले: महेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जिला शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में आज महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन कलेक्टर सागर को सोपा गया। जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष महेश जाटव नें कहा कि राज्य सरकार तत्काल पिछड़ा बर्ग के खिलाफ लगाई गई अधिसूचना को वापस ले, यदि ऐसा किया जाता है, तो 90% समस्या स्वतः समाप्त हो जाएगी और ओबीसी वर्ग को उसका विधिसम्मत लाभ मिल सकेगा।ज्ञापन का वाचन पूर्व जिलाध्यक्ष शहर जगदीश यादव नें तथा आभार कांग्रेस प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला ग्रामीण अध्यक्ष भूपेंद्र सिँह मुहासा, पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक सुनील जैन, अमित रामजी दुबे, आनंद हेला गुरमीत सिंह इल्ले,पिछड़ा वर्ग नेता रमाकांत यादव,जितेंद्र रोहण, नेता प्रतिपक्ष बब्बू यादव, विजय साहू, पार्षद शिवशंकर यादव, हीरालाल चौधरी, रामकुमार पचौरी, सुरेंद्र चौबे, अभिषेक गौर,युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल चौबे, पप्पू गुप्ता, चक्रेश सिघई,सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, शैलेंद्र तोमर, एडवोकेट बी.डी, पटेल,रवि सोनी, जतिन चौकसे, वसीम खान, मोंटू यादव,प्रमिला सिंह,पार्षद रिचा सिंह,रौशनी वसीम खान, ताहिर भाई, जितेंद्र चौधरी, गंगाराम अहिर वार,भैयन पटेल, धर्मेंद्र चौधरी, रवि सोनी,प्रदीप पांडे,आनंद हैला, बाबू मछंदर, ब्लॉक अध्यक्ष गण योगराज कोरी, समीर खान,फिरदोस कुरैशी, धन सिंह अहिरवार, जाहिद ठेकेदार, लीलाधर सूर्यवंशी,हरिश्चंद्र सोनवार, हेमराज रजक शरद पुरोहित, टीकाराम दीवान,धर्मेंद्र तोमर, रोहित मांडले,नीलेश अहिरवार,वीरेंद्र राजे, सागर साहू, चक्रेश रोहित, गणेश पटेल, निखिल जैन, सुनील ठाकुर, गजेंद्र ठाकुर, अजय ठाकुर, प्रभात जैन,पवन पटेल,बृजेंद्र नगरिया कुंदन जाट, अशरफ खान, मनोज पवार, कुंजी लाडिया,पुष्पेंद्र सैनी, रजिया खान, सुरेश पंजवानी,किरण सोनी, गीता कुशवाहा,अक्षत कोठारी, महेश अहिरवार, आनंद अहिरवार, निखिल चौकसे, प्रणव राजपूत, दीपक कुर्मी, दिनेश रावत, शेरखान, दुलीचंद सकवार,जयदीप तिवारी ,अक्कू पठान, सुनील पावा, धीरज वाल्मीकि, रामबाबू कुर्मी, नीरज, पीयूष अवस्थी, अंकुर यादव सहित अनेक कांग्रेस जन उपस्थित थे।



सागर। पूर्व विधायक पारुल साहू केशरी ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से भेट कर जेरा मध्यम सिंचाई परियोजना जैसीनगर के बांध निर्माण में हो रहे विलंब से किसानो को हो रहे नुक्सान से अवगत कराया एवं जल्दी निर्माण के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने का निवेदन किया। 30 अगस्त 2018 को जन आशीर्वाद यात्रा सुरखी में शिवराज सिंह चौहान जी ने किया था भूमि पूजन।

## जिले के पैरा खिलाड़ी सुशील पांडेय, विनोद यादव, गौरव अहिरवार ने जीते 4 स्वर्ण पदक

**सागर।** पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश द्वारा भोपाल में आयोजित 15वीं एम.पी. स्टेट पैरा एथलेटिक्स चौंपियनशिप-2025 में जिले के प्रतिभावान पैरा खिलाड़ी सुशील पाण्डेय ने अपनी अद्भुत क्षमता और मेहनत का परिचय देते हुए शानदार सफलता अर्जित की। सुशील ने टी-13कैटेगरी के अंतर्गत 100 मीटर दौड़ एवं जेवलिग थ्रो बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण पदक हासिल किये। सुशील की इस उपलब्धि से जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन हुआ है। विनोद यादव एवं गौरव अहिरवार ने एफ 44 कैटेगरी के अंतर्गत शॉटपुट में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। इस अवसर पर जिला प्रशासन ने सुशील पाण्डेय विनोद यादव गौरव अहिरवार की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं।



## विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने प्रस्तावित श्रमोदय आवासीय विद्यालय स्थल का किया निरीक्षण

**सागर।** विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने नगर में बनने वाले आवासीय श्रमोदय विद्यालय हेतु प्रस्तावित भूमि स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ निर्माण एजेंसी बीडीसी के डीजीएम एवं पटवारी भी मौजूद रहे। विधायक जैन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालय निर्माण के लिए अविलंब टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करके जल्द टेंडर जारी करें।उल्लेखनीय है कि लगभग 40 करोड़ की लागत से 1120 सीटर आवासीय विद्यालय का निर्माण किया जाएगा। यह विद्यालय विशेष रूप से श्रमिक परिवारों के मेधावी बच्चों को समर्पित होगा। विद्यालय सीबीएसई पाठ्यक्रम पर आधारित होगा, जिसमें कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रवेश प्रक्रिया अंतर्गत कक्षा 5वीं के उपरांत प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें मेरिट के आधार पर चयन किया जाएगा। विद्यालय में विद्यार्थियों को आवास, भोजन, पुस्तकें, गणवेश एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। इसका उद्देश्य गरीब एवं श्रमिक वर्ग के प्रतिभावान बच्चों को आगे बढ़ने के लिए अवसर प्रदान करना है। सुविधाओं की दृष्टि से विद्यालय में आधुनिक कंप्यूटर लैब, समृद्ध पुस्तकालय, विशाल खेल मैदान तथा इनडोर–आउटडोर खेल सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी, जिससे छात्रों का समग्र बौद्धिक एवं शारीरिक विकास सुनिश्चित हो सके।

**सेवा न्यास संचालक अलकेश जैन ने दिया पर्यावरण संवर्धन व जागरूकता का संदेश**

## सेवा न्यास ने 108 स्थानों पर स्थापित कराई माटी की गणेश प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पर्यावरण सुरक्षा एवं संवर्धन के प्रति जन सामान्य को जागरूक बनाने के लिए त्रिवेणी-लख्मीचंद स्मृति सेवा न्यास ने गणेश उत्सव पर्व पर 180 गणेश मंडलों को माटी से निर्मित गणेश प्रतिमायें भेंट की। जिन्हे देवरी एवं केसली विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर समिति के नौजवान सदस्यों को पर्यावरण सुरक्षा एवं संवर्धन के प्रति जागरूक बनाने के लिए शपथ दिलाई गई।




देवरी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाजिक संगठन, निराश्रित सेवा सेवा एवं सांस्कृतिक आयोजनों को लेकर संकल्पित भाव से कार्य कर रहे नगर के श्रीमति त्रिवेणी लख्मीचंद स्मृति सेवा न्यास प्रतिवर्षानुसार नगर एवं ग्रामीण अंचलों के गणेश मंडलों को मिट्टी से निर्मित 108 गणेश प्रतिमाये एवं पूजन सामग्री भेंट की गई। विगत 2 दशकों से समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे श्रीमति त्रिवेणी लख्मीचंद स्मृति सेवा न्यास द्वारा विगत कई वर्षो से देवरी एवं केसली विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में सामाजिक संगठन एवं भाईचारे के उद्देश्य से गणेश उत्सव पर्व पर ग्रामीण बाल गणेश समितियों को गणेश प्रतिमायें भेंट की जाती है।

सेवा न्यास के संचालक अलकेश जैन ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार स्थानीय लक्ष्मी वार्ड स्थित त्रिवेणी बगीचा परिसर में सेवा न्यास द्वारा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली समितियों को स्थापना में मदद के लिए मिट्टी से बनी 108 प्रतिमायें भेंट करने का लक्ष्य रखा गया था जिसे पूर्ण किया गया। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से आरंभ हुआ एवं शाम तक विभिन्न स्थानों से आई गणेश समितियों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर युवाओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने के लिए वनों की सुरक्षा एवं वृक्षारोपण कर परिवेश को हरा-भरा बनाने की शपथ दिलाई गई।

अलकेश जैन ने बताया कि गणेश उत्सव पर्व सामाजिक संगठन एवं आफसी सौहार्द का त्योहार है जिसके माध्यम से समाज के सभी वर्ग नजदीक आते है। इस अवसर पर पार्षद त्रिवेंद्र जाट, राकेश चौरसिया, मिथलेश ब्रह्मपुरिया, अश्वनी पाण्डेय, सुरेंद्र नामदेव, छोटू तिवारी, गौरी पटेल, नारायण पटेल, संजय वर्मा, संजय अरेले, जगत ठाकुर, विजय तुला, भगवत यादव, आशीष गुरु, मनीष गुरु, शरद सोनी, अनिल बिल्थरे, अनिल सेन, मनोज नामदेव, अमितेंद्र मिश्रा, गोलू जैन, कुलदीप साहू, निहाल लोधी, अतुल जैन, वीरेंद्र यादव सहित लोग मौजूद रहे।

नन्हें कराटे चैंपियंस को मिला सम्मान, आत्मरक्षा व अनुशासन पर मिला प्रेरक मार्गदर्शन

# एसपी के वायरलेस पर जब मासूम बच्चे की आवाज सुन चौंके पुलिस कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुलिस अधीक्षक के वायरलेस पर ज़ब पुलिस कर्मचारियों नें एक मासूम बच्चे की आबाज सुनी तो क्षणभर के लिये तो बो चौंक पड़े। फिर उन्होंने बायरलेस पर ही कुछ पूंछा तब एसपी मनोहर सिंह मंडलोई की आबाज वायरलेस पर गूँजी और उन्होंने स्थिति को स्पष्ट करते हुए पुलिस कर्मचारियों को वायरलेस पर मौजूद बच्चे से बात करने और बच्चे के सवालो का जबाब देने के लिये कहा। तब पुलिसकर्मियों ने स्थिति को भाँपते हुए बच्चे से बात की और बच्चे के सवालों का जवाब देकर बच्चे को संतुष्ट किया।

### मुझे एसपी बनना है, इसके लिये मुझे क्या करना होगा...?

बायरलेस पर 7 वर्षीय बालक आध्विक दुवे ने पुलिस अधिकारियो से पूंछा कि मुझे एसपी बनना है। इसके लिये मुझे क्या करना होगा। तब पुलिस नें नन्हे आध्विक दुवे को बताया कि आपको पहले पढ़ाई करनी होगी, ग्रेजुएट बनना होगा। इसके बाद आपको पीएससी की परीक्षा पास करनी होगी। पुलिस अधिकारियो नें नन्हे आध्विक को पुलिस में भर्ती होने के लिये सारी प्रक्रियाओ की जानकारी विस्तार से दी। जिसके बाद आध्विक नें और भी कई सवाल पूंछे। जिनके जबाब विस्तार से जबाब देकर पुलिस नें आध्विक को संतुष्ट किया। यह मासूमियत से भरपूर वाक्या पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के कक्ष में हुआ। जिसे देख व सुनकर एसपी मंडलोई समेत बहाँ मौजूद सभी पुलिस अधिकारी मुस्कुराये बिना नहीं रह सके।





## छोटी उम्र में आत्मरक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाना गर्व की बातः एसपी

जूडो-कराटे में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। ये बच्चे शिको काई कराटे एसोसिएशन ऑफ मध्यप्रदेश वर्ल्ड कराटे फेडरेशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं और बेल्ट एग्जाम में सफल हुए थे। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने बच्चों को प्रमाण पत्र और बेल्ट प्रदान कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की। बच्चों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने कहा कि यह गर्व की बात है कि इतनी छोटी उम्र में हमारे बच्चे आत्मरक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहे हैं। यह न केवल सुरक्षा का माध्यम है बल्कि उज्ज्वल भविष्य और आत्मविश्वास की नींव भी है। सम्मानित प्रतिभागियों में रितिका अग्रवाल ऑरेंज बेल्ट, भौमिक यादव ग्रीन बेल्ट, अवनी जैन ग्रीन बेल्ट, आध्विक दुबे ऑरेंज बेल्ट, मानविक यादव येलो बेल्ट, पृथिव्या जैन येलो बेल्ट, आकांक्षा प्रजापति ब्लैक बेल्ट, नीलम राजपूत ब्लैक बेल्ट और अंजली विश्वकर्मा ब्लैक बेल्ट शामिल रहे।

### नन्हे जुडो कराटे खिलाड़ियों को एसपी ने किया सम्मानित

जिले के नन्हे जूडो-कराटे खिलाड़ियों को पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित विशेष कार्यक्रम में सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रतिभाशाली बच्चों को बेल्ट और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम केवल सम्मान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आत्मरक्षा, अनुशासन और करियर मार्गदर्शन पर प्रेरणादायी संवाद का मंच भी बना। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों से आत्मरक्षा के महत्व पर चर्चा से हुई। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने कहा कि आत्मरक्षा केवल सुरक्षा का साधन नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और अनुशासन का आधार है। उन्होंने बच्चों को अपने भविष्य की योजनाओं के बारे में खुलकर बातचीत करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसी क्रम में बच्चों को पुलिस कंट्रोल रूम से रेडियो सेट पर जोड़ा गया। उत्साहित बच्चों ने पुलिस ऑपरेटर से सवाल पूछे और ऑपरेटर ने धैर्यपूर्वक उनके प्रश्नों के उत्तर दिए।

कलेक्टर से त्वरित समाधान की मांग

## किसानों की समस्याओं के समाधान पर भारतीय किसान संघ का जोर



**टीकमगढ़।** भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत जिला टीकमगढ़ के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय से मुलाकात कर किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। संघ ने स्पष्ट कहा कि फसल बीमा, खाद वितरण और राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों का निराकरण अब तक लंबित है, जिनका समाधान तुरंत किया जाना चाहिए। संघ ने कलेक्टर श्रोत्रिय से फसल बीमा राशि के वितरण का ब्यौरा माँगा। प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रबी 2023झ्र24 में जिले के 777 किसानों को कुल 10 लाख 33 हजार रुपये का दावा भुगतान किया गया, वहीं खरीफ 2024 में 990 किसानों को 34 लाख 89 हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई। लेकिन रबी 2024झ्र25 में अब तक किसी भी किसान को एक भी रुपया बीमा दावे के रूप में नहीं मिला। किसान संघ का कहना है कि बीमा कंपनी और विभागीय स्तर पर देरी किसानों के साथ अन्याय है। बैठक में खाद वितरण का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। किसान नेताओं ने कहा कि डिमांड के अनुरूप जिले में पर्याप्त खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। संघ ने सुझाव दिया कि कैश काउंटरों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि किसानों को घंटों लंबी कतारों में न लगना पड़े। इसके साथ ही सभी सहकारी समितियों, मार्कफेड गोदामों और निजी विक्रेताओं पर खाद का स्टॉक और दर सूची सार्वजनिक रूप से चस्पा करने की माँग की गई। किसान नेताओं ने चेताया कि यदि समय रहते पर्याप्त डिमांड और आपूर्ति की व्यवस्था नहीं की गई तो आगामी सीजन में किसानों को गंभीर संकट झेलना पड़ेगा। संघ के जिलाध्यक्ष ने कलेक्टर के सामने नाराज़गी जताई कि 7 फरवरी 2025 को टीकमगढ़ तहसील की 20 ग्राम समितियों को ज्ञापन सौंपा गया था और उसके बाद जतारा तहसील सहित पाँच तहसीलों में सामूहिक रूप से ज्ञापन दिए गए थे, लेकिन अब तक उन पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। किसान नेताओं ने इसे प्रशासन की लापरवाही बताते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं को टालना उचित नहीं है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सभी लंबित मुद्दों का जल्द निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फसल बीमा से लेकर खाद वितरण और राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर टीकमगढ़ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व संस्कृति मुदित लिटौरिया, भारतीय किसान संघ जिला जैविक खेती प्रमुख संतोष राजपूत और जिला कार्यकारिणी सदस्य राघवेन्द्र सिंह घोष उपस्थित रहे।

28 पेटी बीयर व अंग्रेजी शराब के साथ अल्टो कार जब्त

## एसपी मंडलोई नें किया नशे का कारोबार बेनकाब, दबोचे शराब तस्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान कनेरा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनकी कार से भारी मात्रा में शराब जब्त की है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में चल रहे इस अभियान के तहत लगातार औचक चेकिंग की जा रही है ताकि जिले में फैल रहे नशे के जाल को तोड़ा जा सके। इसी क्रम में बुधवार देर रात कनेरा चेक पोस्ट पर की गई सघन जांच के दौरान पुलिस ने तकरीबन पाँच लाख रुपये कीमत की शराब बरामद की।

कार्रवाई की शुरुआत उस समय हुई जब मुखबिर से सूचना मिली कि एक मारुति अल्टो कार में भारी मात्रा में शराब भरकर ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह और एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में कनेरा चौकी प्रभारी आकाश गुप्ता ने अपनी टीम के साथ नाकाबंदी कर दी। जांच के दौरान मारुति अल्टो को रोका गया। तलाशी में कार के भीतर से 25 पेटी बीयर और 3 पेटी अंग्रेजी शराब मिली, जिसकी मात्रा 325.56 लीटर आँकी गई। जब्त शराब और वाहन की कुल कीमत 4 लाख 96 हजार 920 रुपये बताई गई है। इस मामले में पुलिस ने कार सवार दो तस्करों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान इरशाद पिता यूनिस शाह उम्र 37 वर्ष, निवासी वार्ड 2 जतारा और मुमताज पिता नौसे अली उम्र 42 वर्ष, निवासी वार्ड 10 जतारा के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ थाना बम्हौरीकलाँ में अपराध दर्ज कर आबकारी अधिनियम की धार के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई ने क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है। लंबे समय से अंतर्राज्यीय स्तर पर सक्रिय शराब तस्करी की शिकायतें मिल रही थीं, जिन्हें लेकर पुलिस अब सख्ती से कदम उठा रही है। अभियान के तहत न केवल वाहनों की औचक चेकिंग की जा रही है बल्कि संदिग्ध गतिविधियों पर भी लगातार नजर रखी जा रही है। इस सफलता में थाना बम्हौरीकलाँ प्रभारी नीतू खटीक, कनेरा चौकी प्रभारी आकाश रूसिया, प्रआर रामरतन पटसारिया, प्रआर शैलेन्द्र सिंह, आर मनोज यादव, आर अभिनेष यादव, आर अजीत सिंह, आर बलराम प्रजापति और आर अशोक कुशवाहा की अहम भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने टीम की तत्परता और कार्रवाई की सराहना की है।



### ग्राम मगरई में शराबबंदी का ऐलान तोड़ने वालों पर तगड़ा जुर्माना

**पलेरा।** जिले के पलेरा जनपद अंतर्गत ग्राम मगरई ने सामाजिक बुराइयों के खिलाफ अनूठी मिसाल पेश की है। गणेश चतुर्थी पर आयोजित ग्रामसभा में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से शराबबंदी लागू करने का निर्णय लिया। गुरुवार को पूरे गांव में ढोल-नगाड़ों के साथ इस ऐतिहासिक घोषणा की गई कि अब गांव में न तो शराब बेची जाएगी और न ही पी जाएगी। ग्रामसभा में यह भी तय हुआ कि यदि कोई व्यक्ति शराब बेचता है तो उस पर 21 हजार का जुर्माना, और यदि कोई शराब पीते पकड़ा जाता है तो 11 हजार का जुर्माना वसूला जाएगा। इतना ही नहीं, बार-बार नियम तोड़ने वालों का सामाजिक बहिष्कार भी किया जाएगा। गाँव के गांधी चबूतरे पर बुधवार को हुई बैठक में ग्रामीणों ने खुलकर अपनी राय रखी। बुजुर्ग से लेकर युवाओं तक ने कहा कि शराब ने परिवारों की शांति और समाज की संस्कृति को खोखला कर दिया है। ग्राम के हरिदास राजपूत ने बताया लंबे समय से गांव में शराब की बिक्री हो रही थी। युवा वर्ग इसकी गिरफ्त में आकर बर्बादी की ओर बढ़ रहा था। महिलाओं को रोज़ परेशानियों और कलह का सामना करना पड़ता था। इसी कारण सबने मिलकर यह ठोस फैसला लिया। बैठक के अगले ही दिन ग्रामीणों ने घर-घर जाकर शराबबंदी की जानकारी दी। शराब बेचने वाले ठिकानों पर पर्चे चस्पा किए गए और सख्त चेतावनी दी गई कि अब कोई भी नियम का उल्लंघन करेगा तो उसे जुर्माना और सामाजिक बहिष्कार दोनों झेलना पड़ेगा। इस शराबबंदी अभियान में अवधलाल राजपूत, भागचंद लोधी, रामस्वरूप माते, राजेंद्र, कल्लू, कृष्णकांत, अभिषेक, संतोष, वीरनलाल, लच्छी अहिरवार, आशाराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि अब गांव में अमन-चैन और सद्भाव का वातावरण बनेगा।

पिता की मौत के बाद रेलवे स्टेशन पर भीख मांगकर पेट भरने को थी मजबूर

## बेसहारा दस साल की मासूम को भाजपा नेता ने दिलाया सहारा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर के रेलवे स्टेशन पर एक 10 साल की मासूम बच्ची के द्वारा भीख माँगकर अपना पेट भरने की जानकारी ज़ब एक भाजपा नेता को मिली तब उन्होंने बच्ची के बारे में पता लगाया। जिसमें जानकारी मिली कि उक्त मासूम बच्ची बेसहारा है। तब भाजपा नेता नें तत्काल बच्ची को सहारा दिलवाया। भाजपा नेता द्वारा बेसहारा बच्ची के लिये तत्परता से किये गये उक्त कार्य की लोगो द्वारा सराहना की जा रही है। साथ ही उस बच्ची नें भी आसरा मिलने के बाद भाजपा नेता को हाँथ जोड़कर मासूमियत भरा धन्यवाद दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक चतुर्वेदी को जानकारी प्राप्त हुई की रेलवे स्टेशन पर एक 10 साल की मासूम बच्ची पिछले एक महीने से घूमकर भीख मांग रही है। तब उन्होंने तत्काल रेलवे स्टेशन पहुंचकर आरपीएफ की मदद से उस बच्ची को बुलाया तथा उसके बारे में जानकारी ली गई। जानकारी लेने के दौरान उस बच्ची ने अपना नाम काजल बताया। काजल नें बताया कि उसके पिता की मृत्यु हो गई है। और उसकी मां ने किसी दूसरे के साथ शादी कर ली है। जिसके बाद काजल बेसहारा हो गई। तब से वह रेलवे स्टेशन पर ही रहकर भीख मांगती है और रात में बही सो जाती है। उक्त मामला जानकर भाजपा नेता विवेक चतुर्वेदी ने इस संबंध में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय से चर्चा कर मासूम काजल के बारे में जानकारी दी। काजल जो कपड़े पहने थी बो फ़टे हुए और बहुत पुराने थे। जिसे देखकर भाजपा नेता चतुर्वेदी ने मासूम बच्ची काजल को अपनी गाड़ी में बिठाया और मॉल लें गये। जहाँ से उसकाजल की पसंद के कपड़े दिलाये गये। फिर इसके बाद काजल के रहने और खाने का ठोस इंतजाम करने के उद्देश्य से उसको मातृ पितृ छाया वृद्ध आश्रम में ले जाया गया। जहाँ उस बच्ची काजल के रहने एवं भोजन की व्यवस्था की गई। वृद्धाश्रम में मौके पर मौजूद शिवांगी पाठक व उनकी सहयोगी ने काजल को नये कपड़े पहनाये और खाना खिलाया। इस दौरान भाजपा बरिष्ठ नेता विवेक चतुर्वेदी के साथ अनीश खान, प्रफुल्ल द्विवेदी पम्मू महाराज, पार्षद मुन्नालाल साहू, अरविन्द खटीक भी साथ रहे।

जैन मंदिरों में होंगे विशेष आयोजन

## जैन समाज का पर्यूषण पर्व आरंभ 10 दिनों तक चलेगा धार्मिक उत्सव



**टीकमगढ़।** जैन समाज का पवित्र पर्यूषण पर्व गुरुवार से श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रारंभ हो गया है। यह पर्व आगामी 6 सितंबर तक अनंत चतुर्दशी के दिन संपन्न होगा। दस दिवसीय इस पर्व में शहर के सभी 18 जैन मंदिरों में प्रतिदिन विशेष धार्मिक आयोजन होंगे। नंदीश्वर कॉलोनी स्थित आदिनाथ धाम त्रिकाल चौबीसी में पूजन शिविर प्रारंभ किया गया है। वहीं बाजार जैन मंदिर में मुनि सौम्य सागर और जैयंत सागर महाराज विराजमान हैं। पर्व के पहले दिन लघु शांति धारा, श्रीजी का अभिषेक और आरती संपन्न हुई। धार्मिक अनुष्ठानों का संचालन पंडित सुनील कुमार शास्त्री ने किया। शास्त्री ने प्रवचन में कहा कि उत्तम क्षमा जीवन का सार है। क्षमा से व्यक्ति अपनी इंद्रियों को नियंत्रित कर सकता है। जब मनुष्य का आचरण निर्मल होता है, तो वह दूसरों की कलुषता को भी दूर कर सकता है। यही क्षमा धर्म का वास्तविक स्वरूप है। पर्यूषण पर्व के अंतर्गत दशलक्षण धर्म प्रतिदिन अलग-अलग रूप में मनाया जाएगा। पहले दिन उत्तम क्षमा, दूसरे दिन उत्तम मार्दव, तीसरे दिन उत्तम आर्जव, चौथे दिन उत्तम सत्य, पाँचवें दिन उत्तम शौच, छठे दिन उत्तम संयम, सातवें दिन उत्तम तप, आठवें दिन उत्तम त्याग, नौवें दिन उत्तम आकिंचन और दसवें दिन उत्तम ब्रह्मचर्य का पर्व मनाया जाएगा। प्रतिदिन रात्रि 7:30 बजे श्रीजी की आरती, 8:30 बजे शास्त्र प्रवचन और रात 9 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस दौरान समाजजन व्रत, उपवास, एकासन और पूजन विधान जैसी धार्मिक क्रियाओं में भाग लेंगे। अंतिम दिन क्षमावाणी के आयोजन के साथ पर्व का समापन होगा।

सीएमओ भदौरिया की पहल पर पहली बार परिषद में की गई प्रतिमा स्थापना

# नपा में सभी धर्मों के लोगों ने गणपति आरती कर रचा ऐतिहासिक पल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

अधिकारी अगर रचनात्मकता का धनी हो तो बो अपने कार्यालय के माहौल और कर्मचारियों के उत्साह को बढ़ाने के लिये भिन्न भिन्न तरीके अपनाने का सराहनीय प्रयास करते रहते है। जिनके सफल परिणाम भी सामने आते हैं। ऐसे ही अधिकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया ने नगर पालिका का प्रभारी बनते ही अपने कर्मचारियों का भिन्न भिन्न तरीको से उत्साहवर्धन करते हुए शहर की काया पलटने में कोई कसर नहीं रखी। सीएमओ भदौरिया ने नगर पालिका कार्यालय में पुनः अलग हटके ऐसा कार्य किया है, जिससे नगर पालिका कार्यालय का माहौल धार्मिक और भक्तिमय हो गया है।

### 87 वर्षों के इतिहास में पहली बार नपा में गूंजे गणपति भजन

नगर पालिका की स्थापना 1938 में हुई थी। तब गोविंद दास बजाज टीकमगढ़ नगर पालिका के प्रथम नपाध्यक्ष बने थे। तब से लेकर 50 तो अध्यक्ष बदल गये और तीन बार नगर पालिका का कार्यालय बदल चुका लेकिन कभी किसी अधिकारी या नपाध्यक्ष के मन में यह ख्याल नहीं आया कि नगर पालिका के तनावग्रस्त माहौल को दूर करने के लिये कोई धार्मिक आयोजन किया जाये। लेकिन नगर पालिका स्थापना के 87वें वर्ष में 51वें नपाध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक के कार्यकाल में सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने नगर पालिका के इतिहास में पहली बार यह निर्णय लिया कि नपा कार्यालय में इस बार विघ्नहर्ता भगवान गणेश की मूर्ति की स्थापना की जाएगी। और फिर गणेश चतुर्थी के दिन नपा कार्यालय में बड़े ही धूमधाम व भक्तिमय माहौल में भगवान गणेश को विराजमान किया गया।





### सीएमओ की पहल पर हुई इकोफ्रेंडली मूर्ति स्थापनाः नपाध्यक्ष

नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक ने बताया कि भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापना का प्रस्ताव सीएमओ भदौरिया की पहल पर पार्षदों की बैठक में रखा गया था, जिस पर सभी ने सहमति दी। उन्होंने कहा गणेशोत्सव आस्था और एकता का पर्व है। हम चाहते हैं कि यह परंपरा आगे भी जारी रहे और नगर पालिका परिसर से पूरे शहर में सद्भाव और भाईचारे का संदेश जाए। उक्त कार्यक्रम में नगर पालिका के सभी 27 वार्डों के पार्षदगण, अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि यह गणेश उत्सव 10 दिनों तक धूमधाम से मनाया जाएगा और प्रतिदिन सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजन होंगे। उन्होंने कहा कि नगर पालिका कार्यालय में पहली बार स्थापित गणेश प्रतिमा ने न केवल धार्मिक आस्था को नया आयाम दिया है, बल्कि यह शहर के साम्प्रदायिक सौहार्द और साझा संस्कृति का भी अनूठा प्रतीक बन गई है।

### विधिविधान से स्थापना कर की गई गणेश जी की आरती

नगर पालिका स्थापना के 87 वर्षों में पहली बार नगर पालिका कार्यालय में भी गणेशोत्सव की धूम मची। 1938 में स्थापना के बाद से अब तक यह अवसर कभी नहीं आया, ज़ब बुधवार को नगर पालिका कार्यालय के मुख्य द्वार पर विधि-विधान से गणेश प्रतिमा स्थापित की गई। इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार, सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया, सभी 27 पार्षदगण और नपा अधिकारी व कर्मचारी बने। पूजन-अर्चन के बाद वातावरण में मंगल ध्वनियाँ गूँज उठीं। पहली बार कार्यालय परिसर में आरती की लौ जली और प्रसाद का वितरण हुआ। नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने कहा कि गणेशोत्सव सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि शहर की गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है। यहाँ हिंदू, मुस्लिम, जैन और सिख सभी समुदाय वर्षों से एक-दूसरे के पर्व मिलजुल कर मनाते आए हैं। यही परंपरा नगर पालिका कार्यालय तक पहुंची है।

### बाढ़ की विभीषिका को कम करने नालों से अतिक्रमण हटाने कलेक्टर ने दिए हैं निर्देश

# श्योपुर में शून्यपात बड़ौदा में दल गठित अमल को तरसे कलेक्टर के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



बार-बार बाढ़ के कारण बस्तियों में जल भराव की स्थिति निर्मित होने के कारण आमजन को हो रही परेशानियों से बचाने के उद्देश्य से कलेक्टर अर्पित वर्मा ने एसडीएम गगन सिंह मीणा को पत्र लिखकर नालों पर अतिक्रमण चिह्नित कर हटाने के निर्देश दिए थे। इस निर्देश की पालना में जहां श्योपुर में नगर पालिका शून्यपात में दिखाई दे रही है वहीं बड़ौदा नगर परिषद ने राजस्व विभाग के साथ मिलकर दल गठित कर दिए हैं जो नालों पर हो रहे अतिक्रमण को चिन्हित करने के साथ तहसीलदार के माध्यम से उन्हें नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने की कारवाई करेंगे।

विगत दिनों अत्यधिक बारिश के कारण श्योपुर शहर की कई निचली बस्तियों में जल भराव की स्थिति देखने को मिली वहीं बड़ौदा नगरीय क्षेत्र मे बारिश के सीजन में वार्ड वासियों को करीब छह बार बाढ़ जैसी स्थिति का सामना करना पड़ा। लोगों ने जल भराव की स्थिति को नालों पर हो रहे अतिक्रमण से जोड़कर बताना शुरू कर दिया कलेक्टर अर्पित वर्मा ने इसे गंभीरता से लेते हुए एसडीएम को पत्र लिखकर निर्देशित किया कि जिन नालों पर अतिक्रमण हो रहे हैं उन्हें चिन्हित कर हटाने की कार्रवाई की जाए कलेक्टर द्वारा जारी किए गए पत्र को एक सप्ताह बीत चुका है लेकिन कार्रवाई के नाम पर फिलहाल एक भी नोटिस जारी नहीं किया गया है। श्योपुर नगर पालिका में तो यह कार्रवाई करनी है इस तक की जानकारी किसी को नहीं है जबकि बड़ौदा नगर परिषद ने जरूर राजस्व विभाग के साथ मिलकर अतिक्रमण चिह्नित करने के लिए दल गठित कर दिए हैं। अब गठित दल वार्ड में घूम कर नालों पर किसके अतिक्रमण हो रहे हैं चिन्हित कर सूचना तहसीलदार के माध्यम से एसडीएम को भेजेंगे एसडीम उक्त अतिक्रमण कारियों पर क्या कार्रवाई करेंगे इस संबंध में कलेक्टर से चर्चा करने के बाद ही फैसला लेंगे फिलहाल बारिश भी थम गई है, बाढ़ का प्रकोप ओर संभावना भी लगभग समाप्त हो गयी है ऐसे में कलेक्टर के यह निर्देश ठंडे बस्ते में न डाल दिए जाए ऐसा अंदेशा भी लोग जता रहे है

**शहर के भीतर कम शहर के बाहर अधिक अतिक्रमण**

बड़ौदा नगर की बात करें तो बड़ौदा में शहर के भीतर से अधिक शहर के बाहर नालों पर अतिक्रमण अधिक है हालांकि क्षेत्र में भी नालों पर कई जगह अतिक्रमण हो रहे हैं जिसके कारण पानी का अभाव नालों के बजाय बस्तियों में अधिक हो रहा है। शहर के बाहर जो नाले निकले हुए हैं वहां नालों से पानी का निकास संकुचित कर दिया गया है जिसके कारण पानी पूरी तरह से निकास नहीं हो रहा है जिससे शहर में बारिश हो जाने के बाद जल भराव की स्थिति देखने को मिलती है।

**नेताओं के हैं अतिक्रमण इसलिए गंभीर नहीं नपा**

बड़ौदा नगर के भीतर जहां बड़ी संख्या में नालों के ऊपर अतिक्रमण करने वालों को चिन्हित करने के लिए अभियान एक-दो दिन में शुरू किए जाने की तैयारी में नगर परिषद और राजस्व विभाग की टीम दिखाई पड़ रही है वही श्योपुर शहरी क्षेत्र में अधिकारी शून्यपात में दिखाई पड़ रहे हैं। इसका मुख्य कारण नालों पर नेताओं के अतिक्रमण होना बताया जा रहा है हालांकि नालों पर आम लोगों के भी अतिक्रमण हो रहे हैं और नगर पालिका उक्त अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई करने में कोई गुरेज भी नहीं करेगी लेकिन लोग इस तरह अतिक्रमण हटाने पर नेताओं के अतिक्रमण को लेकर विवाद खड़ा कर सकते हैं खास कर कांग्रेस दल इस मामले में मुखर हो सकता है क्योंकि नालों पर अतिक्रमण भाजपा नेताओं के ही हैं जिसके चलते प्रशासन पर भी भेदभाव के आरोप लगाए जा सकते हैं। यही कारण है कि श्योपुर में कलेक्टर के पत्र पर कार्रवाई करने के बजाय नगर पालिका परिषद और राजस्व विभाग हटो बचो की नीति अपनाता दिखाई पड़ रहा है यही कारण है कि 8 दिन बाद भी नगर पालिका ने ना तो खुद किसी अतिक्रामक को नोटिस जारी किया न ही पटवारी को अतिक्रमण चिन्हित करने के लिए कोई सूचना दी।

**इनका कहना...**

अतिक्रमण विरोधी दस्ते को निर्देशित कर दिया है कि नालों पर जहां भी अतिक्रमण हो उसे चिन्हित कर नोटिस जारी करें कलेक्टर के निर्देशानुसार नालों पर हो रहे सभी अतिक्रमण हटाए जाएंगे।

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

राजस्व विभाग के साथ मिलकर दल गठित कर दिए गए हैं एक-दो दिन में अतिक्रमणकारियों को चिन्हित करने का काम गठित दल द्वारा शुरू कर दिया जाएगा। नालों के ऊपर मिलने वाले अतिक्रमण को हटाने की कारवाई कलेक्टर के निर्देश पर नगर परिषद द्वारा की जाएगी जबकि अतिक्रमण कारियों पर तहसील न्यायालय के माध्यम से दंडात्मक कार्रवाई होगी।

**ताराचंद धूलिया**
**सीएमओ बड़ौदा**

### एक सप्ताह से बिजली गुल होने से नाराज हैं आदिवासी

# रामपुरा डांग के आदिवासियों ने घेरी कलेक्ट्रेट, बंद किया लोगों का आना जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



बिजली की समस्या से परेशान रामपुराडांग से आए आदिवासियों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। घेराव भी इस तरह किया कि किसी को न तो गेट के भीतर जाने दिया और न ही किसी को बाहर आने दिया गया। इस परेशानी की जानकारी जब कलेक्ट्रेट के भीतर मौजूद गार्ड को लगी तो उन्होंने गेट से आदिवासियों को हटा कर आवागमन बहाल किया। हालांकि आदिवासी वहां से हट तो गए लेकिन शाम 4:00 बजे तक कलेक्ट्रेट के गेट के बाहर ही इसलिए धरना देते रहे क्योंकि वह अपनी फरियाद सिर्फ कलेक्टर को ही सुनाना चाहते थे और कलेक्टर वीसी में थे जहां तक यह जानकारी पहुंच नहीं पा रही थी।

दोपहर 12:00 बजे के करीब रामपुरा डांग से आई दो दर्जन से अधिक आदिवासी महिलाओं ने कलेक्टर अर्पित वर्मा से मिलने की जिद करते हुए कलेक्ट्रेट के भीतर ही धरना शुरू कर दिया। बड़ी संख्या में महिलाएं कलेक्ट्रेट के भीतर धरना देती रही लेकिन पहले टीएल ओर फिर वीसी में विजी हो जाने से कलेक्टर उनसे मिलने नहीं आ सके बाद में महिलाओं का पुरुषों ने भी सहयोग करते हुए मुख्य गेट पर बैठकर धरना देना शुरू कर दिया इस दौरान महिलाओं ने किसी को भी न तो कलेक्ट्रेट के भीतर जाने दिया और न ही बाहर आने दिया इससे लोगों को परेशानी होना शुरू हो गई। जानकारी मिलने के बाद कलेक्ट्रेट में तैनात गार्डों ने गेट को खाली कराया लेकिन महिलाएं गेट से दूर जाकर बैठ गई महिलाएं कलेक्टर के अलावा किसी ओर को आवेदन देने को तैयार नहीं थी कलेक्टर से मिलना चाहती थीं। बाद में शाम 4:00 बजे के करीब कलेक्टर वीसी से बाहर तो उनसे मिले आश्वासन के बाद महिलाएं घर वापस लौटी।

# दिगम्बर जैन मंदिर में ध्वजारोहण के साथ दशलक्षण महापर्व प्रारंभ

**प्रतिदिन दिगम्बर जैन तेराह पंथी मंदिर में होगी आरती और शास्त्र सभा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में गुरूवार को दशलक्षण महापर्व का ध्वजारोहण के साथ शुभारंभ किया। दशलक्षण महापर्व के दौरान सर्व प्रथम श्रीजी का अभिषेक शांतिधारा की गई। सांगानेर से पधारे अरिहंत शास्त्री ने खंडेवाल दिगम्बर जैन बीस पंथी मंदिर में ध्वजारोहण कराकर दश लक्षण विधान को प्रारंभ करवाया। इस कार्यक्रम में शांतिधारा करने का सौभाग्य राजेश, अंकित गोधा परिवार तथा ध्वजारोहण करने का सौभाग्य सुरेशचंद, अनिल कुमार गोधा परिवार को मिला। जबकि दशलक्षण विधान का मुख्य कलश स्थापना करने का सौभाग्य प्रमोद कुमार गोधा परिवार को प्राप्त हुआ। दशलक्षण पर्व के प्रथम दिन अरिहंत शास्त्री द्वारा उत्तम क्षमा धर्म के बारे में बताया गया। बताया गया है कि प्रतिदिन सायं 7:30 बजे दिगम्बर जैन तेराह पंथी मंदिर में आरती एवं शास्त्र सभा होगी। उसके पश्चात धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



# बैंक सखी बनकर आत्मनिर्भर बनेंगी युवतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) श्योपुर में 06 दिवसीय बैंक सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन गुरूवार को समापन किया गया। 22 अगस्त से आरंभ होकर 27 अगस्त तक चले इस प्रशिक्षण में कुल 20 ग्रामीण युवतियां ने शामिल होकर सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण के जरिए युवतियां बैंक सखी बनकर आत्मनिर्भर बन सकेगी।

प्रशिक्षण आर.एस.गुप्ता द्वारा दिया गया। समापन कार्यक्रम के दौरान आरसेटी श्योपुर के निदेशक गोडफ्रॉय मार्टिन लकरा ने प्रशिक्षणार्थियो को शासन द्वारा संचालित विभिन्न शासकीय ऋण संबंधित योजनाओ के बारे में जानकारी प्रदान की, साथ ही प्रधानमंन्त्री मुद्रा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि वह किस प्रकार आत्मनिर्भर होकर अपनी आजीविका को विकसित कर सकते है। समापन अवसर पर प्रमोद कुमार राय डी.एम.स्कील. एसआरएलएम श्योपुर, पंकज कानवा, दीपक शर्मा,रामनरेश शर्मा, लेखराज सिंह व ब्रजेश गौड़, विशाल गौड़, महावीर शर्मा आदि भी मौजूद थे।

# राजन सिंह गुर्जर लाइन हाजिर यासमीन होगी कराहल टीआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कराहल टीआई राजन सिंह गुर्जर को लाइन हाजिर कर दिया गया है। उनकी जगह टीआई यासमीन खान को कराहल थाना प्रभारी बना गया है। गुरूवार को यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने पुलिसिंग में कसावट लाने के लिए की। एसपी कार्यालय से जारी आदेश के मुताबिक महिला थाना टीआई यासमीन खान को कराहल थाना प्रभारी बनाया गया है। जबकि कराहल थाना प्रभारी राजन सिंह गुर्जर को लाइन हाजिर कर दिया है। उधर अजाक थाने में पदस्थ महिला उप निरीक्षक अनुराधा सिंह को महिला थाना प्रभारी बनाया गया है।

### अवैध शराब विक्रय पर कार्रवाई, 7 हजार 520 रुपए की शराब बरामद

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी कमल सिंह सिकरवार के नेतृत्व में ग्राम सोईकलां में अवैध रूप से शराब विक्रय के मामले में कार्यवाही की गई है। आबकारी अधिकारी ने बताया कि जिले में वृत्त श्योपुर के सोईकलां में बस स्टैण्ड के पास एक दुकान पर दबिश देकर 20 पाव देशी मदिरा मसाला एवं 72 पाव देशी मदिरा प्लेन बरामद किये गये। मौके से एक अरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। बरामद शराब की कुल कीमत 7520 रुपये है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक संजीव कुमार धुर्वे आदि मौजूद रहें।



# मुरली मनोहर मंदिर पर भागवत कथा आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



नगर पालिका के पीछे स्थित गुर्जर समाज के श्री मुरली मनोहर महाराज मंदिर पर 29 अगस्त को कलश यात्रा के साथ संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ होगा। कलश यात्रा सुबह 9 बजे से आरंभ होगी। कथा का वाचन कथा व्यास पं कृष्ण मुरारी शास्त्री करेगे। शिव भक्त मंडल तथा भगवत प्रेमी लोगों की सामूहिक पहल पर आयोजित यह भागवत कथा 4 सितंबर तक चलेगी। कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे किया जाएगा।

# सद्भाव से मनाएं तीज़ त्यौहार, कमज़ोर वर्ग का भी रखें ध्यानः मल्होत्रा

**शांति समिति की बैठक आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कराहल

तीज त्यौहार सद्भाव बढ़ाने का काम करें, हम सबके ऐसे प्रयास होना चाहिए। धार्मिक त्योहारों पर बे मनुष्यता को कोई जगह न मिले, त्योहार पर खूब खुशियां मनाएं लेकिन उसे वर्ग का भी ध्यान रखें जो वर्ग गरीबी के कारण तीज त्यौहार मनाने में असमर्थ है जब तक यह वर्ग हमारे साथ मिलकर तीज त्यौहार नहीं मनाएगा तब तक किसी भी त्यौहार को मनाने का भी कोई औचित्य भी नहीं है। यह बात शांति समिति की बैठक में शामिल हुए विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा ने बोलते हुए कही। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर एसडीएम कराहल बीएस श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। कराहल के एसडीएम कार्यालय पर आयोजित हुई शांति समिति की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए विधायक मल्होत्रा ने जहां सभी से सद्भाव के साथ त्योहार मनाने की अपील की वही बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम श्रीवास्तव ने व्यवस्था बनाने के लिए अफसरों की ड्यूटी धार्मिक नेताओं के परामर्श से लगाई। इस बैठक में एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना, तहसीलदार रोशनी शेख, थाना प्रभारी कराहल यासमीन खान, बरगवां थाना प्रभारी महेंद्र सिंह धाकड़ सहित कराहल के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### तीन घरों की फोड़ी दीवार तो एक जगह तोड़ा ताला

# एक ही रात में चोरों ने चार जगह बोला धावा, लाखों का माल समेटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पुलिस की सक्रियता को चोरों ने एक बार फिर धता बताते हुए एक ही रात में चार जगह धावा बोलकर नकदी और जेवर समेत लाखों का माल समेट लिया। एक जगह चोरों ने ताला तोडकर तो तीन जगह दीवार फोडकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरी की ये वारदाते विजयपुर और देहात थाना क्षेत्र में घटित हुई है। फिलहाल चोरों का कोई सुराग नहीं है। लेकिन पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

देहात थाना क्षेत्र में चोरी की यह वारदात ग्राम कनापुर में घटित हुई है। यहां रात्रि के दौरान चोरों ने पवन पुत्र रामप्रसाद मीणा के टीनशेड में रखे बक्शे का ताला तोडकर उसके अंदर से एक जोडी सोने की झुमकी, एक जोडी चांदी की तोडिया, एक चांदी का नजर हाय तथा 10 हजार रूपए नकदी चोरी कर लिए। जबकि रामबलवान मीणा के घर में दीवार फोडकर घुसे चोर एक सोने की नथ चोरी कर ले गए। चोरों ने पवन पुत्र बाबूलाल मीणा के घर की भी दीवार फोडी,लेकिन यहां से चोरो को कुछ हाथ नहीं लगा है। हालांकि परिवार के लोगों का कहना है कि उनके यहां से 8 हजार रूपए नकदी और एक जोडी चांदी की तोडिया चोरी गई है। जबकि देहात थाना पुलिस का कहना है कि रूपए और चांदी की तोडियां मौका मुआयना के दौरान घर के अंदर ही कपडों में मिल गए है।

**बिचपुरी में दीवार फोड़कर एक लाख नकदी और जेवर पार किए**



विजयपुर थाना क्षेत्र के गांव बिचपुरी निवासी विजय सिंह कुशवाह के मकान को रात्रि के दौरान चोरों ने निशाना बना दिया। पीछे से दीवार फोडकर घर के दाखिल हुए चोर यहां से एक लाख 14 हजार रूपए नकदी और सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। चोरी की इस घटना का पता गुरूवार की सुबह परिवार के लोगों को नींद खुलने पर पता चला। फिलहाल चोरों का कोई अता पता नहीं है,लेकिन इस घटना से क्षेत्र के लोग सकते में आ गए है। इस मामले की खबर मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना करने के बाद चोरी का मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### तीन दिन तक चलेगी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं

# राष्ट्रीय खेल दिवस आज,होगा खेल गतिविधियों का आयोजन, ली जाएगी फिट इंडिया की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।




राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को समूचे भारत के साथही श्योपुर जिले में भी मनाया जाएगा। राष्ट्रीय खेल दिवस पर जहां फिट इंडिया की शपथ ली जाएगी। वहीं जिलेभर में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शहर सहित जिलेभर के खिलाडी उत्साह के साथ भागीदारी करेगे। यह खेल प्रतियोगिताए 29 से 31 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में जिला एवं खेल युवक कल्याण विभाग के द्वारा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराने की सभी तैयारियां कर ली है।

जिला खेल अधिकारी अरूण सिंह चौहान ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेल कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, इस दौरान तीन दिन तक विभिन्न खेल प्रतियोगिता तथा अन्य गतिविधि का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 29 अगस्त को प्रातः 7 बजे ढ़ेगदा खेल परिसर में मेजर ध्यानचन्द की तस्वीर पर माल्यार्पण कार्यक्रम के साथ ही फिट इंडिया की शपथ ली जायेगी। इसके अलावा ढेंगदा खेल परिसर में ही 29 अगस्त को प्रातः 8 बजे 50 मीटर दौड़, चम्मच रेस, मेराथन, रिलेदौड़, 300 मीटर स्पीडवॉक 1 किमी पैदल चाल तथा 29 अगस्त को ही शाम 5 बजे पीएमश्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय के खेल मैंदान पर हॉकी तथा फुटवॉल खेलों का आयोजन किया जावेगा। उन्होने बताया कि 30 अगस्त को दोपहर 12 बजे सीएम राइज विद्यालय श्योपुर में शतंरज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, इसी दिन शाम 5 बजे देहात थाना खेल मैदान तथा पीएमश्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय इंडोर हॉल में खो-खो, कबड्डी, एवं रस्सीकूद, टेबल टेनिस प्रतियोगिताएं कराई जाएगी।

**सम्मान समारोह के साथ होगा समापन**

राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं का समापन 31 अगस्त को शाम 5 बजे पीएमश्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इंडोर हॉल में सम्मान समारोह के साथ किया जाएगा। जिसमें जिले के अंतराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का सम्मान किया जाएगा। जबकि इसके पूर्व 31 अगस्त को दोपहर 12 बजे पीएमश्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर के खेल मैंदान पर पिट्ठु खेल का आयोजन किया जाएगा तथा 30 अगस्त 2025 को वीर सावरकर स्टेडियम के खेल मैंदान पर दोपहर 12 बजे क्रिकेट खेल आयोजित होगा। 31 अगस्त को शाम 5 बजे पीएमश्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इंडोर हॉल में रस्साकसी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके बाद समापन समारोह आयोजित किया जाएगा।

**29 अगस्त को क्यों मनाया जाता है खेल दिवस**

29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है, भारत ने पहला राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त, 2012 को मनाया। खेल दिवस भारत के महानतम हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, उनका जन्म 29 अगस्त, 1905 को वर्तमान प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में हुआ था। बुनियादी शिक्षा प्राप्त करने के बाद, ध्यानचंद 1922 में एक सिपाही के रूप में भारतीय सेना में भर्ती हो गए। मेजर ध्यानचंद एक सच्चे खिलाड़ी थे और उन्हें सूबेदार मेजर तिवारी, जो स्वयं एक खेल प्रेमी थे, ने हॉकी खेलने के लिए प्रेरित किया था। ध्यानचंद ने उन्हीं की देखरेख में हॉकी खेलना शुरू किया। हॉकी में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण, ध्यानचंद को 1927 में 'लांस नायक' नियुक्त किया गया और 1932 में उन्हें नायक और 1936 में सूबेदार के पद पर पदोन्नत किया गया। उसी वर्ष उन्होंने भारतीय हॉकी टीम की कप्तानी भी की। राष्ट्रीय खेल दिवस का उद्देश्य खेलों के मूल्यों - अनुशासन, दृढ़ता, खेल भावना और टीम वर्क - के बारे में जागरूकता बढ़ाना और आम जनता को खेलों को अपनाने और इसे अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है, साथ ही फिट और स्वस्थ रहने के महत्व पर ज़ोर देना है।

### बिजली से संबंधित समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करें:कलेक्टर

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि बिजली विभाग से संबंधित आमजन की समस्याओं का गंभीरता के साथ त्वरित निराकरण किया जायें, सीएम हेल्पलाइन सहित जनसुनवाई के दौरान प्राप्त होने वाली शिकायतों के मामले में अधिकारी आवेदक से चर्चा कर उसकी समस्या का निराकरण करें। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विधुत विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। इसके साथ ही उन्होने गिरधरपुर में विधुत व्यवस्था सुचारू करने, प्रेमसर फीडर शुरू करने के साथ ही ग्राम सेमल्दा, ओछापुरा एवं रामपुरा डांग में खराब डीपी को बदलने के निर्देश भी दियें। इस अवसर पर महाप्रबंधक विधुत वितरण कंपनी आरके सक्सैना, डीई लवलेश पनिका, दिनेश श्रीवास्तव सहित विधुत विभाग के सहायक यंत्री, उपयंत्री, पीएचई के अधिकारी आदि उपस्थित थे। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि नवीन कनेक्शन से संबंधित आवेदनों की पेडेंन्सी समाप्त की जायें तथा आवेदनों का निराकरण किया जायें, विधुत चोरी के प्रकरणों में फाइन कर पेडेंन्सी समाप्त की जायें। इसके साथ ही उन्होने निर्देश दिये कि नलजल योजनाओं से संबंधित ट्रांसफार्मर खराब होने पर तत्काल बदलने की कार्यवाही की जायें। उन्होने कहा कि विभिन्न स्थानों पर खुले में लगे ट्रांसफार्मर के चारो ओर सुरक्षा की दृष्टि से तार फेसिंग की जायें। इस अवसर पर उन्होने सीएम हेल्पलाइन तथा जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की।

## खबर संक्षेप



### सांदीपनि विद्यालय पोहरी में विराजमान हुए महाप्रभु प्रथम पूज्य श्री गणेश

**शिवपुरी।** विगत वर्षों की भांति निरन्तर तीसरी बार इस वर्ष भी सांदीपनि शासकीय मॉडल उमावि पोहरी जिला शिवपुरी में पूर्ण विधि विधान के साथ बुद्धि प्रदाता विघ्नहर्ता महाप्रभु भगवान श्री गणेश का आगमन हुआ एवं पूरे श्रद्धा भाव से पूजन व श्रीजी की स्थापना विद्यालय प्राचार्य अचल सिंह कुशवाह एवं स्टाफ की उपस्थिति में संपन्न हुआ। आज दिनांक 27/08/25 को सांदीपनि विद्यालय पोहरी में लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार इको फ्रेंडली माटी गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गई है विद्यालय के छात्र छात्राओं व शिक्षकों ने पूरी साज सज्जा एवं पंडाल निर्माण कबाड़ से जुगाड आधारित थीम पर की है। गणेश पूजन विद्यालय के संस्कृत विषय के शिक्षक राघवेंद्र भार्गव ने वैदिक मंत्रोच्चारण व सम्पूर्ण विधि विधान के साथ संपन्न कराया विद्यालय के सभी शिक्षकों ने पूर्ण श्रद्धा भाव के साथ सिद्धि विनायक श्री गणेश जी की स्थापना में भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के माध्यमिक विंग के प्रधानाध्यापक महेश कुमार स्वर्णकार व शिक्षक विशाल शर्मा,अमरदीप श्रीवास्तव, शंभू दयाल दोहरे, सूरज कुमार सेन, रविकांत स्वर्णकार एवं सहयोगी स्टाफ में लाखन कुशवाह, नीरज कुशवाह, प्रेम सिंह यादव, दिनेश कुशवाह, कल्याण जाटव,अरविंद जाटव एवं मिथुन वाल्मीकि उपस्थित रहे।

### साधना,तप,आत्म कल्याण का पर्युषण महापर्व आज से शुरू



**पोहरी।** देश भर में जैन समाज के पर्युषण पर्व आज से प्रारम्भ हो रहे है है 10 दिनों तक श्रावक धर्म साधना के रूप में उपवास ओर तप करता है और अपने आत्म कल्याण की भावना भाते ही पूजा पाठ करता है जैन समाज द्वारा इन महा पर्वो में साधना करके अपने जीवन के कल्याण की भावना बही जाती है पहले हम जान ले कि पयुर्षण क्या है एक अच्छा किसान जैसे वर्षा के पूर्व अपने खेत को बीज बोने लायक बना लेता है वैसे ही एक धार्मिक अपने आत्मा के खेत को पर्युषण का बीज बोने लायक बना लेता है पर्युषण पर्व नहीं, महापर्व है यह सामान्य त्यौहारों की तरह आता है किन्तु यह आत्मशुद्धि का पर्व हैइसलिए महापर्व है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में योगेन्द्र जैन ने बताया कि हर साल भाद्रपद मास शुक्लपक्ष की पंचमी से शुरू होकर भाद्रपद शुक्लपक्ष की चतुर्दशी तक मनाया जाता है। सागर से पधारे ब्रह्मचारी महेंद्र भैया जी द्वारा 10 दिन तक दसो धर्म पर प्रकार डालेंगे। यह महा पर्व 10 दिन के होंगे पोहरी जैन समाज द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर इन महा पर्वो में प्रतिदिन अभिषेक शांतिधारा व पूजन भक्तो द्वारा भक्ति भाव से की जाएगी,शाम को श्री जिनेन्द्र दे० की महा आरती की जाएगी आज दसलक्षण महा पर्व का पहला दिन उत्तम क्षमा का दिन है उत्तम क्षमा क्या है इसके बारे में जैन धर्म के पर्वो से ही जाना जा सकता है उत्तम क्षमा के बारे में आचार्यो ने लिखा कि जिस प्रकार जल अग्नि को शांत कर देता है, उसी प्रकार क्षमा रूपी जल भी क्रोध रूपी अग्नि को शांत कर देता है क्षमा मांगने से कोई छोटा नही होता क्षमा मांगने से मन को शांति मिलती।

### जम्मू मंडल में यातायात बाधित, 3 ट्रेनों को किया गया शोर्ट ओरिजिनेट

**बीना।** उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल के कठुआझमाधोपुर पंजाब खंड में डाउन लाइन पर यातायात निलंबित रहने के कारण 3 ट्रेनों का प्रस्थान उनके निर्धारित प्रारंभिक स्टेशनों के स्थान पर अन्य स्टेशनों से किया गया। जन सम्पर्क अधिकारी के अनुसार ट्रेन नंबर 12920 मालवा एक्सप्रेस आज 29 अगस्त को नई दिल्ली से शोर्ट ओरिजिनेट होगी।

## सरकारी योजना के कार्यों में शासन की राशि में किया बडा घोटाला

# खेत तालाब के साथ ही सड़क और पौधरोपण में लाखों के वारे-न्यारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलारस।

कोलारस से महज 15 किमी की दूरी पर फोरलेन हाइवे पर स्थित ग्राम पंचायत सेसईसडक में विकास कार्य ढूढें-ढूढें नहीं मिल रहे हैं। यहां जमीनी स्तर पर किए गए घटिया और गुणवत्ताहीन विकास कार्य की तस्वीरें कागजों में चमकीली दर्शाई गई हैं। आज भी ये ग्राम पंचायत विकास की राह जोह रही है। यहां के वाशिंदे रोजगार की तलाश में अन्य क्षेत्रों में पलायन कर रहे हैं। ग्राम वासियों का जीवन अभी भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित बना हुआ है। ग्राम पंचायत सेसईसडक में 4 खेत तालाबों के नाम पर 15.48 लाख की राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ गई। यहां खेत तालाब के नाम पर स्वीक्रत की गई 15.48 लाख रूपये की राशि को सरपंच, सचिव व सहायक सचिव ने मिलकर हजम कर लिया। साल 2025-26 में ग्राम पंचायत सेसईसडक में रामदयाल के खेत पर, पार्वती के खेत पर, सिरनाम के खेत पर, सुनील करारे के खेत आदि स्थानों पर खेत तालाब स्वीक्रत किए गए थे। जिनकी राशि 15.46 लाख है। आज उक्त चारों खेत तालाब गुणवत्ताहीन निर्माण किए जाने के कारण दुर्दशा का शिकार बने हुए हैं। इन चारों खेत तालाबों का लाभ ग्राम वासियों को प्राप्त नहीं हो सका। सरपंच, सचिव व सहायक सचिव द्वारा इन खेत तालाबों के निर्माण के दौरान सूपा-प्लाऊ वाले ट्रेक्टरों का प्रयोग किया गया था। वहीं फर्जी मस्टर रॉल तैयार कर मजदूरों के नाम से 15.48 लाख रूपये की राशि में सेंध लगाने का काम किया है। गुणवत्ताहीन निर्माण के चलते खेत तालाबों में पारें नहीं डाली गईं, वहीं पिचिंग भी नहीं की गई। जिस कारण तालाबों के किनारे की मिटटी धंसक गई है। खेत तालाबों में जल भराव भी नहीं हो सका।

### ग्राम पंचायत सेसई सडक में हुए विकास कार्य जांच की जद में

ग्राम पंचायत सेसईसडक में शांतिधाम के पास कागजों में व्रक्षारोपण कार्य किया गया था। इसके साथ-साथ गंगाराम आदिवासी, क्रपाल आदिवासी, कल्ला आदिवासी के नाम से भी हजारों व्रक्ष रोपना कागजों में दर्शाया गया है। उक्त चारों व्रक्षारोपण कार्य की लागत 10 लाख से अधिक है। किंतु हरियाली के नाम ग्राम पंचायत सेसईसडक को प्रदान की गई उक्त राशि को भी सरपंच, सचिव व सहायक सचिव द्वारा हजम कर लिया गया। 10 लाख का व्रक्षारोपण घोटाला उजागर होने के बावजूद जनपद विभाग के अफसरों द्वारा कोई कार्रवाई अभी तक देखने को नहीं मिली है। वहीं सेसईसडक के ग्राम वासियों द्वारा कई मर्तबा जनपद विभाग के अफसरों को शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। साथ ही भ्रष्ट सरपंच, सचिव व सहायक सचिव के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी की गई है। किंतु आमजनों की आवाज को कुर्सी पर बैठे अधिकारी नहीं सुन रहे हैं। उनके लिखित आवेदन दबा दिए जाते हैं। जिससे ग्राम पंचायत सेसईसडक में आने वाली विकास की राशि खुर्द-बुर्द की जा रही है। ग्राम पंचायत सेसईसडक फोरलेन हाइवे पर स्थित होने के बाद भी जनपद के अफसरों का निरीक्षण यहां देखने को नहीं मिल रहा है। कागजों में टूर डायरी और डीजल का खर्चा विधिवत किया जा रहा है। किंतु क्षेत्रीय ग्राम पंचायतों में जाकर जनहितैषी कार्यों का निरीक्षण करने में जनपद के अफसर कोई रूचि नहीं दिखा रहे हैं। जिसके परिणाम स्वरूप ग्राम पंचायत सेसईसडक में विकास के लिए आने वाली राशि को यहां पदस्थ सरपंच, सचिव व सहायक सचिव द्वारा गुणवत्ताहीन विकास कार्य कर ठिकाने लगाया जा रहा है। जिसकी जांच की जाना अत्यंत आवश्यक है।

### इनका कहना है

मैं हालहि में यहां पदस्थ हुआ हूं। पूर्व में यहां हुए निर्माण कार्यों की भौतिक जांच करने के बाद वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराउंगा। जांच के दौरान यदि वित्तीय अनिमित्ताएं सामने आती हैं तो वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

**हेमंत पुरी,** उपयंत्री जप कोलारस

### अविश्वास प्रस्ताव का चला ड्रामा, उपाध्यक्ष पति की पलटी, गुपचुप आवेदन और पार्षदों के हस्ताक्षर

**शिवपुरी।** नगर पालिका की राजनीति अब किसी फिल्मी थ्रिलर से कम नहीं रही। सोमवार को अविश्वास प्रस्ताव पर हस्ताक्षर वेरीफिकेशन के बीच ऐसा ट्विस्ट आया जिसने पूरे घटनाक्रम को हिला कर रख दिया। विरोधी खेमे का नेतृत्व कर रहे उपाध्यक्ष सरोज व्यास के पति रामजी व्यास ने अचानक पलटी मारते हुए गुपचुप कलेक्ट्रेट पहुंचकर अविश्वास प्रस्ताव वापस लेने का आवेदन सौंप दिया। गौरतलब यह है कि नपा उपाध्यक्ष ने पहले बहाना बनाया फिर छलावा पार्षदों के साथ कर दिया है। वेरीफिकेशन के समय व्यास ने बहाना बनाया कि मैं आधार कार्ड लाना भूल गया हूँ। मीडिया के सामने भावुक होकर हृदय परिवर्तन की बात कहकर लौट गए। लेकिन शाम साढ़े 5 बजे, व्यास और पार्षद ताराचंद राठौर चुपचाप कलेक्ट्रेट पहुंचे और अविश्वास प्रस्ताव वापसी का आवेदन थमा दिया। इसके साथ 14 पार्षदों के हस्ताक्षर वाला पन्ना भी संलग्न था। बताना होगा कि अब सवाल उठता है कि दिन में 18 पार्षद अविश्वास प्रस्ताव पर डटे थे, तो उसी दिन 14 पार्षदों ने वापसी आवेदन पर हस्ताक्षर क्यों कर दिया। क्या ये दबाव में हुए क्या पार्षदों को बिना बताए उनका नाम दिखा दिया गया या फि र पूरी मुहिम जनता को गुमराह करने का खेल थी, जनता और विरोधी पार्षदों के लिए यह बड़ा उलझाव बन गया।

## राज्य सभा सांसद बालयोगी का भाजपा के पदाधिकारियों ने किया भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेश नाथ महाराज का नगर आगमन हुआ। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सर्किट हाउस में सांसद बालयोगी का आत्मीय स्वागत किया एवं संगठन व क्षेत्र से संबंधित विषयों पर सार्थक चर्चा की। नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि बालयोगी जी समाज में समरसता के लिए निरंतर प्रवास पर रहकर समाज में समरसता का भाव जागृत करने का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, नगर महामंत्री आलेख राय, नंद किशोर चौधरी, नगर उपाध्यक्ष प्रहलाद यादव, राकेश सेन, रतन सिंह यादव, प्रदीप तिवारी (नगर मंत्री) रामबाबू नायक, चीनू कशिव, मंजू अहिरवार, सुरेंद्र राय सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं महाराज शिष्य परिवार उपस्थित रहे।

### दांगी/डांगी क्षत्रिय महासंघ में प्रदेश उपाध्यक्ष बने राजाभाई दांगी



**बीना।** दांगी/डांगी क्षत्रिय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शिरोमण सिंह दांगी की अनुशंसा पर दांगी/डांगी क्षत्रिय महासंघ प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष तोरण सिंह दांगी ने शहर के राजाभाई दांगी को दांगी/डांगी क्षत्रिय महासंघ में प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने सौंपी गई जिम्मेदारी पर महासंघ के सभी वरिष्ट पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।साथ ही इस नियुक्ति पर लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

## पेंशनर्स एसोसिएशन ने सौंपा सीएम के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी।

प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला इकाई द्वारा पेंशनरों की 6 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया।पेंशनर्स एसोसिएशन के संरक्षक चंद्र भूषण पांडे व कार्यकारी अध्यक्ष महेश महाकाल की अगुआई में प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा मुख्य सचिव को संबोधित ज्ञापन सौंप कर मांग की गई कि कोषालय में पेंशन प्रकरणों का निराकरण 6 माह तक भी नहीं हो पा रहा है जिससे जिससे पेंशनरों में रोष व्याप्त है। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेशव्यापी आव्हान के तहत संभागीय सचिव देवेंद्र शर्मा अमोला के निर्देश पर सौंपे गए ज्ञापन में जिला संरक्षक सीबी पांडे, जिलाध्यक्ष महेश भार्गव महाकाल, महेश शर्मा,उपाध्यक्ष रमेशचंद लिधोरिया दिनारा,अनिल दुबे नर्सरी, बालमुकुंद पुरोहित,उमाचरण भार्गव,मनमोहन श्रीवास्तव, सुखलाल लोधी,अशोक कुशवाह व ओम प्रकाश शर्मा सहित पेंशनर मौजूद थे।

### जुलाई 24 से 3 व जनवरी 25 से 2 प्रतिशत की मांग

जिला प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला इकाई द्वारा जिला प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 परिशिष्ट 6 के आधार पर महंगाई




राहत स्वीकृति के पूर्व दोनों राज्य सरकारों द्वारा परस्पर सहमति की प्रक्रिया अपनाई जाती है,उसको समाप्त या विलोपित किया जाकर केंद्र सरकार के पेंशनरों की तरह राहत राशि प्रदान की जाए। इसके अलावा ज्ञापन में जुलाई 2024 से 3 फ़ीसदी राहत राशि के एरियर तथा जनवरी 2025 से दो फ़ीसदी राहत राशि के एरियर के भुगतान की मांग रखी गई वहीं पेंशनर संगठनों की लगातार मांग को देखते हुए 32 माह एवं 27 माह की महंगाई राहत के भुगतान की समस्या का निराकरण किए जाने की मांग भी की गई। इस दौरान संभाग स्तरीय पेंशनरों की सूचना सहायता एवं जिला स्तर पर पेंशनर फॉर्म गठित कर उसकी नियमित बैठक व्यवस्था के संबंध में अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किए जाने की मांग भी ज्ञापन में प्रमुखता से रखी गई।

## 1000 के ई- चालान से भड़का ड्राइवर, रस्सी लेकर करने लगा फांसी लगाने का नाटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी







प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन दिन पहले एक ट्रक सिकंदरा आर टी ओ चेक पॉइंट शिवपुरी 1 से निकला जिसका चालान चैक पॉइंट कर्मचारियों दुबारा किया गया नियम अनुसार बने चालान के विरोध में ड्राइवर द्वारा आर टी ओ स्टाफ को डराने के उद्देश्य से फाँसी लगाने का नाटक किया, उसके द्वारा 1000 रू के चालान बनने पर वापस चेक पॉइंट पर आकर हंगामा किया और भीड़ इकट्ठा करके फाँसी लगाने का वीडियो बनाने लगा जिससे उसके वाहन की जाँच और चालान करने से आर टी ओ स्टाफ दबाव में आ जाए। पुलिस ईवीएम आर टी ओ ने समझा बुझा कर ड्राइवर को जाने दिया , प्रभारी द्वारा ड्राइवर के विरुद्ध आवेदन पुलिस थाने में दिया गया है। सिकंदरा आर टी ओ चेक पॉइंट शिवपुरी 1 प्रभारी अशोक शर्मा का कहना है कि ओवरलोड ट्रक का चालान किया जाता है मुझे डराने के लिए ट्रक ड्राइवर द्वारा मुझे पर झूठी आरोप लगाए गए हैं।

## समाज के स्थानीय कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति

# महाराष्ट्र समाज के द्वारा धूमधाम से मनाया जा रहा गणेश उत्सव





हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

महाराष्ट्र समाज द्वारा गणेश उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। समाज के द्वारा भगवान गणेश की सुंदर झांकी लगाई गई है। झांकी ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित लगाई गई है। तो वहीं प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए जा रहे है। प्रथम दिवस पर स्थानीय गायन का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय कलाकार डॉक्टर श्याम बापट, प्रियंका आचवल, कल्पना आठले, स्वाति धर्मपुरीकर, अनंत आचवल, डॉ स्वर्णा आचवल, जानवी खांडेकर, स्वाति खांडेकर, अनुश्री आठले सहित अन्य गायक कलाकारों ने अपनी गायन की कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन साधना कहूं ने किया। साथ ही समाज के अध्यक्ष संजय बापट ने स्थानीय कलाकारों का सम्मान किया। तबले व हारमोनियम पर हिमांशु नामदेव व साथी उपस्थित थे। इस मौके पर समाज के सभी वरिष्ठ जन सुबोध देउस्कर, अनिल आचवल, डॉ विकास बापट, सौरभ आचवल, सुभाष गुणे, अरविंद धर्मपुरीकर, उदय आचवल, नारायणराव धर्मपुरीकर आदि उपस्थित रहे।

### श्रीमद् भागवत कथा की कलश यात्रा आज निकलेगी

**बीना।** शहर के खिरिया वार्ड में श्री गणेश उत्सव के पावन उपलक्ष्य में आज से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा के पूर्व आज कलश यात्रा निकाली जाएगी। वहीं कथा का समापन 4 सितंबर को होगा। विवेक सिंह राजपूत ने बताया कि आयोजक श्री शिव शंकर गणेश उत्सव समिति एवं समस्त खिरिया वार्ड वासियों के द्वारा 29 अगस्त से 4 सितंबर तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से खारा कुआं खिरिया वार्ड में कथा व्यास रूपराम शास्त्री के द्वारा कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा के प्रारंभ में आज कलश यात्रा सुबह 10 बजे शिव मंदिर खारा कुआं से निकालेगी।



### माटी गणेश-सिद्ध गणेश, अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का किया आयोजन

**नरवर।** शिवपुरी में प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज शासकीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के तहत प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण की संकल्पना पर केंद्रित ₹माटी गणेश -सिद्ध गणेश₹ अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों हेतु एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशिक्षक मीनाक्षी गोयल द्वारा विद्यार्थियों को माटी के गणेश जी की मूर्तियां बनाना सिखाया गया। कार्यशाला में महाविद्यालय के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया एवं ट८ ऋ्ङ्क९ पोर्टल पर प्रकृति के संरक्षण की डिजिटल शपथ लेकर ई- प्रमाण पत्र भी प्राप्त किये। यह प्रशिक्षण कार्यशाला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पवन कुमार श्रीवास्तव के सफल नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ ममता रानी द्वारा संपन्न कराई गई। जिसमें महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति अध्यक्ष अमित भार्गव एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ जीपी शर्मा, डॉ पुनीत कुमार श्रीवास्तव,डॉ मंजूलता गर्ग, डॉ प्रमोद कुमार चिडर, डॉ ममता धाकड़, डॉ देवेंद्र सिंह आर्य, डॉ मंजू वर्मा,डॉ नैंसी मौर्य ,डॉ शुभा वार्ष्णेय,डॉ सोनल दीक्षित, डॉ अंजुम खान, डॉ गीतांजलि गोस्वामी, डॉ डॉली तलरेजा, सहित महाविद्यालय परिवार का समस्त स्टाफ सम्मिलित हुआ।

## गोशालाओं का किया औचक निरीक्षण

# राज्य मार्ग पर बेसहारा गायों को गौशाला में रखा जाए:एसडीएम



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिछोर

कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी के द्वारा कुछ दिनों पूर्व राष्ट्रीय मार्ग पर बेसहारा गायों की स्थिति को देखते हुए, उनकी देखरेख करने हेतु निर्देश दिए गए थे। बहीं 27 अगस्त बुधवार को पिछोर अनुबिभागीय दंडाधिकारी (राजस्व) ममता शाक्य द्वारा पिछोर नगर में संचालित श्री टेकरी सरकार गौशाला एवं सिरसोद से पिछोर राज्यमार्ग पर चलने वाली शासकीय गौशाला ढला एवं बामोर डामरोन का औचक निरीक्षण किया। जहां पर निरीक्षण के दौरान गौशाला में क्रमशः84,100,103 गोवंश देखने को मिले। एसडीएम द्वारा सभी गौशाला संचालकों को गौशाला में साफ सफाई रखने तथा आने वाले पशुओं का रिकॉर्ड संधारण करें शेष बचे पशुओं को टेंगिंग करने हेतु पशुपालन विभाग को निर्देश दिए गये, एसडीएम ने कहा यदि राजमार्ग पर बेसहारा गोवंश है,तो उनको भी गौशाला में रखने संचालकों को निर्देश दिए।

## शोक संवेदना में प्रदेश अध्यक्ष पटवारी का दिनारा आगमन



**दिनारा।** दिनारा की पावन धरा पर कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष, किसानों के सच्चे हमदर्द, ऊर्जावान, निर्भीक एवं संघर्षशील नेता जीतू पटवारी का आगमन हुआ। प्रदेश अध्यक्ष का आत्मीय स्वागत कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मोहित अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर हमारे मार्गदर्शक, सम्मानित नेता, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह , करैरा विधानसभा के मृदुभाषी एवं जनप्रिय पूर्व विधायक प्रागीलाल जाटव , पूर्व जिला पंचायत सदस्य सतीश फौजी सहित कांग्रेस परिवार के समर्पित व जांबाज कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन किया। प्रदेश अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री माननीय जीतू पटवारी ने कांग्रेस परिवार के साथी केके राय के निवास पर पहुंचकर उनकी पूज्य माता चम्पा राय के असमायिक निधन पर संवेदना व्यक्त की।

## गणेश महोत्सव में दूर-दूर से आते हैं लोग भगवान की पूजा करने

# पांडवों के बनाए कुंड पर स्थित है गणेश मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी।

शिवपुरी में महाभारत कालीन एक प्राचीन गणेश मंदिर है जो गणेश महोत्सव में लोगों की बड़ी आस्था का केंद्र होता है। शिवपुरी के बाणगंगा मंदिर परिसर में महाभारत काल के दौरान पांडवों द्वारा यहां अपना अज्ञातवास गुजारा गया था। इस दौरान यहां पर अर्जुन ने अपने बाण से 52 कुंड बनाए थे। इन 52 कुंड में से एक कुंड पर गणेश मंदिर की स्थापना भी की गई थी। महाभारत काल से ही गणेश प्रतिमा कुंड के ऊपर स्थापित है। आज यह प्राचीन गणेश मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र है। गणेश महोत्सव के दौरान इस मंदिर पर लोग दूर-दूर से भगवान गणेश की पूजा करने के लिए आते हैं।





### कुंड के ऊपर बना है गणेश मंदिर

बाणगंगा मंदिर क्षेत्र परिसर के आसपास 52 पवित्र कुंड है। ऐसा माना जाता है कि यहां पांडवों में से एक अर्जुन ने भीष्म की प्यास बुझाने के लिए अपने बाढ़ से गंगा निकाली थी। शिवपुरी के वरिष्ठ लेखक व इतिहासकार अशोक मोहिते का कहना है कि अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने कुछ समय शिवपुरी के घने जंगलों में गुजारा था। शिवपुरी के पास ही बैराड़ नगर है जो उस समय का विराट नगर कहलाता था और विराटनगर में भी महाभारत काल के दौरान पांडवों ने अपना काफी समय गुजारा। पांडवों ने विराटनगर से शिवपुरी के जंगलों में कुछ समय गुजारा तो पांडवों ने बाणगंगा से सिद्धेश्वर तक कुल 52 कुंडों का निर्माण किया। उन्हीं में से एक कुंड है जिस पर भगवान गणेश विराजे हैं।

### लोगों की आस्था का केंद्र मंदिर

बाणगंगा क्षेत्र परिसर में जो गणेश मंदिर है। इसे भक्तों की इच्छा पूर्ण करने वाला मंदिर भी कहा जाता है। इस समय गणेश महोत्सव चल रहा है और गणेश महोत्सव में यहां पर दूर-दूर से लोग भगवान गणेश की प्रतिमा के दर्शन करने के लिए आते हैं। शिवपुरी के धर्मप्रेमी मनीष शिवहरे बताते हैं कि इस समय गणेश महोत्सव के दौरान जहां विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गणेश महोत्सव के पहले दिन ही यहां रामधन प्रारंभ की गई है और यहां गणेश महोत्सव में प्रतिदिन कई धार्मिक कार्यक्रम व पूजा पाठ होगी।